संघ लोक सेवा आयोग
मुख्य परीक्षा-2020
(सामान्य अध्ययन-I)
मॉडल पेपर-2

निर्धारित समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक : 250**

1. "पल्लवकाल सांस्कृतिक उपलब्धियों के साथ-साथ कला के संदर्भ में भी प्रगति का काल रहा है।" धार्मिक जीवन, स्थापत्य, साहित्य एवं मूर्तिकला के संदर्भ में उदाहरणों के साथ कथन की विवेचना कीजिये। **(150 शब्द) 10**
2. 19वीं शताब्दी को एकीकृत होते भारत के रूप में प्रस्तुत करने भारतीय पुनर्जागरण कितना सफल रहा? परीक्षण कीजिये। **(150 शब्द) 10**
3. "नेहरू रिपोर्ट पर परस्पर सहमति के अभाव ने, असहयोग एवं खिलाफत आंदोलनों से उपजी राष्ट्रवाद की धारा को दबा दिया था।" आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये। **(150 शब्द) 10**
4. प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत किस प्रकार हिमालय तथा अप्लेशियन पर्वतों के विचलन की व्याख्या करने में सहायक है? स्पष्ट कीजिये। **(150 शब्द) 10**
5. भारत के पारिस्थितिक रूप से निम्नीकृत प्रमुख क्षेत्रों की पहचान करते हुए इसके लिये उत्तरदायी कारणों को रेखांकित कीजिये। इन कारणों के क्या उपाय हो सकते हैं? **(150 शब्द) 10**
6. भारत के प्रमुख ऑटोमोबाइल विनिर्माण केंद्रों की पहचान करते हुए, इन केंद्रों में ऑटोमोबाइल उद्योग के विकास के कारकों का उल्लेख कीजिये। **(150 शब्द) 10**
7. भारत में चीनी उद्योग के उत्तर से दक्षिण की ओर स्थानांतरण के कारणों पर उल्लेख करते हुए इस उद्योग की चिंताओं पर भी प्रकाश डालिये। **(150 शब्द) 10**
8. 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल देश में व्याप्त सांस्कृतिक अंतर को पाटते हुए विभिन्न राज्यों के लोगों के बीच परस्पर अंत:क्रिया को बढ़ावा देकर राष्ट्र को एकता तथा मज़बूती प्रदान कर सकती है। टिप्पणी कीजिये। **(150 शब्द) 10**
9. महिला संगठनों में पुरुषों की भागीदारी किस प्रकार निर्णयन में तार्किकता को संतुलित तथा पूर्वाग्रह को समाप्त करेगी? उदाहरणों के साथ चर्चा कीजिये। **(150 शब्द) 10**
10. संविधान में उल्लिखित धर्मनिरपेक्षता, धर्मनिरपेक्षता के पश्चिमी मॉडल से किस प्रकार भिन्न है? चर्चा करते हुए भारतीय धर्म निरपेक्षता के समक्ष खतरों को रेखांकित कीजिये। **(150 शब्द) 10**
11. 20वीं सदी के पूर्वार्द्ध में उभरी नई प्रवृत्तियों ने किस प्रकार इस समय को भारतीय स्वाधीनता संग्राम की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण बना दिया था? इन प्रवृत्तियों का महत्त्व बताते हुए चर्चा करें। **(250 शब्द) 15**
12. गांधीवादी चरण ने भारतीय स्वाधीनता संघर्ष को आदर्शात्मक स्थिति में लाते हुए एक नया आयाम देकर इसे मज़बूत किया, जहाँ प्राय: समाज के सभी वर्ग परस्पर जुड़े। विवेचना कीजिये। **(250 शब्द) 15**
13. किस प्रकार समानता, स्वतंत्रता एवं भ्रातृत्व की भावना ने फ्राँसीसी क्रांति को नेतृत्व प्रदान करते हुए आधुनिक विश्व की आधारशिला स्थापित की थी? स्पष्ट कीजिये। **(250 शब्द) 15**
14. हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली क्या है? यह किस प्रकार एकल नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की चुनौतियों का समाधान करती है? इससे होने वाले लाभों को रेखांकित करें। **(250 शब्द) 15**
15. भारत में अधात्विक खनिजों के वितरण पर प्रकाश डालते हुए कोयला क्षेत्र में वाणिज्यिक खनन की शुरुआत की 'आत्मनिर्भर भारत' के संदर्भ में इस कथन की विवेचना कीजिये। **(250 शब्द) 15**
16. संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2050 तक भारत की आधी आबादी शहरों व महानगरों में निवास करने लगेगी। संभावित चुनौतियों की चर्चा के साथ समाधान प्रस्तुत कीजिये। **(250 शब्द) 15**
17. महासागरीय धाराओं की उत्पत्ति स्थानीय मौसम तथा उद्योगों को किस प्रकार प्रभावित करती है? वैश्विक संदर्भ में विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट कीजिये। **(250 शब्द) 15**
18. भारत में विभिन्न अल्पसंख्यक वर्ग कौन-से हैं? इनके लिये सुनिश्चित विशेषाधिकारों की, धर्मनिरपेक्षता के साथ सुसंगतता की जाँच कीजिये। **(250 शब्द) 15**
19. भारत में श्रम क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी निम्न स्तर पर होने के कारणों की पड़ताल करते हुए, श्रम क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने हेतु सुझावों का बिंदुवार उल्लेख कीजिये। **(250 शब्द) 15**
20. "एक ओर भूमंडलीकरण ने कुछ महिलाओं को अवसर दिया है तो वहीं दूसरी ओर, महिलाओं के एक बड़े वर्ग को हाशिये पर ला खड़ा किया है।" भूमंडलीकरण के प्रभावों के संदर्भ में विस्तारपूर्वक चर्चा करें। **(250 शब्द) 15**

Drishti IAS